1 कभी हार नहीं होती

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।
जब तक न सफल हो, नींद-चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

—हरिवंशराय बच्चन

शिक्षण संकेत

- बच्चों को समझाएँ कि किसी भी परिस्थिति में घबराना नहीं चाहिए। अपने लक्ष्य को पाने के लिए सदैव मेहनत व कोशिश करते रहना चाहिए। असफलताओं से सीख लेकर जीवन-पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए और अपने अंदर जो कमियाँ हैं, उन्हें स्वीकार करके उनमें सुधार करना चाहिए।

Scanned with CamScanner

शब्दार्थ

नौका – नाव		कोशिश – प्रयत्न, प्रयास		अखरना – अनुचित और कष्टदायक लगना	
सिंधु – सागर		सहज – आसानी से		चुनौती देना – ललकारना	
त्यागना – छोड़ना		संघर्ष – टकराव, होड़			

संकलनात्मक एवं रचनात्मक मूल्यांकन

मौखिक

1. पढ़िए और बोलिए–

कोशिश निश्वास डुबकियाँ उत्साह स्वीकार मैदान

2. सोचकर बताइए–

(क) जब दीवार पर चढ़ते हुए चींटी फिसलकर गिर जाती है तो क्या करती है?

(ख) 'मन के विश्वास से रगों में साहस भरने' का क्या अर्थ है?

(ग) इस कविता से आपको क्या सीख मिलती है?

लिखित

1. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर शब्दों में दीजिए–

(क) किससे डरकर नौका पार नहीं होती? ....

(ख) चींटी को क्या नहीं अखरता? ....

(ग) गोताखोर समुद्र से खाली हाथ लौटने पर क्या करता है? ....

(घ) असफलता को हमें किस रूप में स्वीकार करना चाहिए? ....

(ङ) हमें क्या छोड़कर नहीं भागना चाहिए? ....

2. नीचे दिए प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए–

(क) लहरों से डरने का क्या अर्थ है? ....

....

....

Scanned with CamScanner

(ख) गोताखोर समुद्र में गोते क्यों लगाते हैं?

....

....

(ग) असफलता एक चुनौती क्यों है?

....

....

(घ) कोशिश करने वालों की हार क्यों नहीं होती?

....

....

(ङ) सफलता प्राप्त करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

....

....

3. **नीचे दिए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर दीजिए–**

(क) कवि ने हमें सफलता हेतु प्रेरित करने के लिए क्या-क्या उदाहरण दिए हैं? उनसे हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

....

....

....

(ख) नीचे दी गई पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

(*i*) मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में, बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

....

....

....

(*ii*) जब तक न सफल हो, नींद-चैन को त्यागो तुम, संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।
कुछ किए बिना ही जय-जयकार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

....

....

....

Scanned with CamScanner

4. नीचे दिए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–

(क) कोशिश करने वालों की क्या नहीं होती?

(i) जीत ☐ (ii) हार ☐ (iii) मृत्यु ☐ (iv) शादी ☐

(ख) मन का विश्वास रगों में क्या भरता है?

(i) दुख ☐ (ii) आदर ☐ (iii) डर ☐ (iv) साहस ☐

(ग) मोती कहाँ मिलते हैं?

(i) समुद्र की तलहटी में ☐ (ii) नदी के निर्मल जल में ☐

(iii) पहाड़ों की चोटियों पर ☐ (iv) घाटियों की गहराई में ☐

(घ) हमें अपनी कमियों का क्या करना चाहिए?

(i) उन्हें जानकर सुधार लेना चाहिए। ☐ (ii) उन्हें भूल जाना चाहिए। ☐

(iii) उन्हें बार-बार दोहराना चाहिए। ☐ (iv) उन्हें सहेजकर रखना चाहिए। ☐

(ङ) जब तक सफलता न मिले तब तक क्या करना चाहिए?

(i) चैन से सोना चाहिए। ☐

(ii) सफलता की प्रतीक्षा करनी चाहिए। ☐

(iii) सफलता के लिए सही-गलत सभी रास्ते अपनाने चाहिए। ☐

(iv) सफलता पाने के लिए नींद और चैन का त्याग कर देना चाहिए। ☐

भाषा ज्ञान

1. विलोम शब्द लिखिए–

डरपोक– .... हार – ....

चढ़ना – .... विश्वास – ....

खाली – .... सहज – ....

उत्साह – .... स्वीकार – ....

2. पर्यायवाची शब्द लिखिए–

लहर – .... नौका – .... सिंधु – ....

हाथ – .... पानी – .... हार – ....

3. निम्नलिखित शब्दों से मुहावरे बनाकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए–

सागर – ....

....

मैदान - ....

....

मुट्ठी - ....

....

4. नीचे दिए शब्दों को विशेषण शब्दों में बदलिए–

डर – .... विश्वास – .... मैदान – ....

मेहनत– .... उत्साह – .... त्याग – ....

कविता से आगे

- बार-बार प्रयास करने पर भी सफलता न मिले तो क्या करना चाहिए?
- यदि सफलता एक ही प्रयास में मिलने लगे तो क्या होगा? मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति के आधार पर वर्णन कीजिए।

नन्हे हाथों से

- चित्र देखकर प्रसिद्ध कहावत लिखिए–

....

....

....

कुछ करने को

- ब्रूश कौन था? उसे मकड़ी से प्रेरणा कैसे मिली? इस ऐतिहासिक कहानी के बारे में पता लगाइए और उसे कक्षा में सुनाइए।
- महाकवि कालिदास की जीवनी पढ़िए और जानिए कि वे किस प्रकार एक महान कवि बने।

आप क्या करेंगे?

- यदि आपको कोई कठिन प्रोजेक्ट बनाने को मिले और वह बार-बार कोशिश करने के बाद भी पूरा न हो सके तो आप क्या करेंगे?

Scanned with CamScanner